जे.सी. वशि्ववदि्यालय और इनोवकि एनर्जी के बीच समझौता

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को हरयिाणा के फरीदाबाद में स्थति जे.सी. बोस वज्ञिान और प्रौद्योगकिी वशि्ववदि्यालय ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोज़गार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की दशिा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए इलेक्ट्रकिल पैनल के वनिर्माण में वशिषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोवकि एनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कयि।

प्रमुख बदिु

- समझौते पर वशि्ववदि्यालय के कुलसचवि डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोवकि एनर्जी के नदिशक कुमारेश सोम ने कुलपत िप्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थतिमिें हस्ताक्षर कयि।
- जे.सी. बोस वशि्ववदि्यालय और इनोवकि एनर्जी के बीच सहयोग का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारकि प्रशक्षिण, सेमनिार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन करना है, जसिसे उन्हें आवश्यक कौशल हासलि करने और उद्योग में करयिर बनाने हेतु तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके।
- साथ ही, कंपनी छात्रों को औद्योगकि इंटर्नशपि की पेशकश भी करेगी ताक िउन्हें औद्योगकि उत्पादों पर काम करने का अवसर प्रदान कयि जा सके।
- छात्रों के कौशल वकिास के लयि औद्योगकि सहभागतिा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपत िप्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस सहभागतिा को अनुसंधान-उन्मुखी बनाने की आवश्यकता पर बल दयि।
- इनोवकि एनर्जी के नदिशक कुमारेश सोम ने वशिेष रूप से नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती मांग तथा ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दयि।
- उन्होंने बताया क िऊर्जा क्षेत्र में आ रहे बदलावों से पारंपरकि वदि्युत पैनल चलन से बाहर हो रहे हैं। इनोवकि एनर्जी भी हरति ऊर्जा क्षेत्र की तरफ बढ़ रही है तथा इस क्षेत्र में उपकरणों के वकिास पर काम कर रही है। कंपनी इस क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले छात्रों को अपना सहयोग प्रदान देगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/an-mou-between-the-jc-university-and-inovik-energy